देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें
और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

सरस निकुंज में अखंड हरी नाम कीर्तन पाठ

जयपुर (मसं)। गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी पर आचार्यपीठ श्री सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में ठाकुर का विशेष फूलों का शृंगार किया गया। परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि निकुंज परिसर में चल रहे आचार्य जयंती महोत्सव में भक्तों ने अंतर्गत अखंड हरी नाम कीर्तन किया।

हाईकोर्ट ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण को दी नसीहत

'समान प्रकरणों में नहीं दें अलग-अलग आदेश'

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने ईएसआईसी के चिकित्सकों के तबादले से जुड़े मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण को नसीहत दी है। अदालत ने अधिकरण को कहा है कि एक समान प्रकरणों में अलग-अलग फैसला देना उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि जब एक समान तथ्यों व परिस्थितियों के आधार पर अन्य चिकित्सक पक्षकारों को राहत दी है तो ऐसे में याचिकाकर्ता का प्रार्थना पत्र खारिज करना गलत है।

वहीं अदालत ने अधिकरण के गत 14 दिसंबर के आदेश को रद्द करते हुए याचिकाकर्ता के 20 मई, 2023 के ट्रांसफर आदेश की क्रियान्विति पर उसके बच्चों के शैक्षणिक सत्र पूरा होने की अवधि मार्च 2024 तक रोक लगा दी।

अदालत ने केंद्र सरकार को कहा है कि वह याचिकाकर्ता को पुरानी जगह पर ही पदस्थापित करे। जस्टिस अरुण भंसाली व नरेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. दिलीप कुमार शर्मा की याचिका को मंजूर करते हुए दिए।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि ईएसआईसी हॉस्पिटल में कार्यरत याचिकाकर्ता चिकित्सक का तबादला गत 20 मई को गुरुग्राम कर दिया। जिस पर याचिकाकर्ता ने अपने भाई के कैंसर होने, पिता के बुजुर्ग होने और बच्चों की पढ़ाई बाधित होने का हवाला देते हुए कमेटी से तबादला आदेश रोकने का आग्रह किया, लेकिन कमेटी ने उसका प्रतिवेदन खारिज कर दिया। इस पर याचिकाकर्ता ने इन्हीं आधारों पर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में अपील दायर की, लेकिन अधिकरण ने भी उसकी अपील खारिज कर दी। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि अधिकरण ने उसके समान ही अन्य चार अपीलों में उनके बच्चों की पढ़ाई के आधार पर अकादमिक सत्र पूरा होने तक उन्हें जयपुर में ही कार्यरत रखने का निर्देश दिया है।

इन मामलों में अधिकरण के मेंबर समान ही हैं। याचिकाकर्ता का मामला भी इनसे अलग नहीं है, इसलिए उसके तबादला आदेश पर रोक लगाई जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अधिकरण को नसीहत दी है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 36 (उत्तरी हिस्सा), गंगा, सागर कॉलोनी, लूनियावास बस स्टेण्ड के पास, गोनेर रोड, जयपुर कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज, श्री बहादुर सिंह पुत्र भी दौलत राम ने जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2015 के द्वारा श्रीमती गीता सोनी धर्मपत्नी श्री रामप्रसाद से खरीद किया, था। उक्त विक्रय पत्र का पंजीयन दिनांक 06.04.2015 को क्रम संख्या 2015398001146 पर हुआ है। उक्त प्लाट नम्बर प्लाट नम्बर 36 (उत्तरी हिस्सा), कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज, से संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 20.06.2012 रजिस्टर्ड नम्बर 2012051006444 जो श्री बिरथी चन्द मीणा द्वारा श्रीमती गीता सोनी के हक मे किया गया था, गुम हो गया। जिस किसी को मिले सूचित करें। उक्त प्लाट नम्बर 36 (उत्तरी हिस्सा), कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज को रहन, रख ऋण लेने हेतु भी बहादुर सिंह पुत्र श्री दौलत राम ने AADHAR HOUSING FINANCE LTD. में आवेदन किया है किसी भी व्यक्ति का उत्तराधिकार, विक्रय, रहन, लीज, लियन, लाईसेन्स, दान था कब्जे के जरिए या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक उक्त सम्पति के सम्बन्ध में हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा AADHAR HOUSING FINANCE LTD. द्वारा उक्त सम्पति को रहन कर लिया जायेगा एवं उसके पश्चात किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा, और न ही AADHAR HOUSING FINANCE LTD. पर बाध्यकारी होगा।

भीम सिंह (एडवोकेट)
मो.नं. 8107351741

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई–निविदा सूचना

संख्या: EL/TRD/23-24/Umbrella/02 दिनांक: 21.12.2023
मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यो के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र.–टीआरडी–16–2023–24 **कार्य का नाम** : Railway Electrification /OHE modification of Railway siding/Pit line/Sick line over Ajmer division (07 Nos.) **अनुमानित लागत** : Rs. 1,98,39,008/- **बयाना राशि** : Rs. 2,49,200/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय** 12.01.2024 को 15.00 बजे **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय** 12.01.2024 को 15.30 बजे **उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता** – **www.ireps.gov.in**
1328-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

युवक युवती परिचय सम्मेलन 30 को, पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता

जयपुर। माता हिंगलाज एंड वरुण देव चैरिटेबल ट्रस्ट के सानिध्य एवं अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति के संरक्षकत्व में खत्री मोदी अरोड़ा के साथ सर्व समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 30 दिसंबर को शास्त्री नगर स्थित अभिनंदन बैंक्विट हॉल में प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा।

बिरला ऑडिटोरियम में परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र मोदी ने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश से आने वाले युवक-युवती मंच पर आकर स्वयं अपना परिचय देते हुए अपने जीवन साथी की तलाश पूरी कर सकेंगे।

बायोडाटा शेयर करने के लिए 9509565286 नंबर जारी किया गया है। अभिनंदन मंत्री महेश मोदी

ने बताया कि सम्मेलन में बतौर अति विशिष्ट अतिथि राम कथा मर्मज्ञ भारतीय बाल योगी विष्ण अरोड़ा, रतलाम से मशहूर पत्रकार राजेश अरोड़ा, दिल्ली से प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ ख्यातनाम डॉ. रेखा अरोड़ा, बीकानेर से मोदी स्टार क्लब के अध्यक्ष श्याम मोदी, भाजपा नेता अजय खत्री, दिल्ली की मशहूर मॉडल व प्रसिद्ध एंकर पूजा अरोड़ा, बीकानेर के समाजसेवी कैलाशी मदनमोहन मोदी शामिल होंगे। मिस ब्यूटी राजस्थान दीक्षा भी शिरकत करेंगी।

सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष खत्री राजेंद्र मोदी। मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा होंगे। उषा अरोड़ा ने बताया कि सम्मेलन में विधवा, विधुर, तलाकशुदा, व दिव्यांगों के साथ अधिक उम्र के लड़के-लड़कियां भी भाग लेकर अपने जीवन साथी की तलाश पूरी कर सकेंगे।

इस अवसर पर युवा समाजसेवी सतीश मोदी, गोविंद मोदी, रवि खत्री, रितेश मोदी, अविनाश मोदी, उषा अरोड़ा, रतनदेवी मोदी, मीनू अरोड़ा, रिचा अग्रवाल, अमन मोदी, शशिकांत मोदी, ओमप्रकाश खत्री,राहुल खत्री आदि उपस्थित रहे।

नेट-थियेट पर राग अनुराग

आनंद की तरंग मोको उठत नई-नई सावन की सांझ...

महानगर संवाददाता

जयपुर। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को राग अनुराग कार्यक्रम के अंतर्गत सुप्रसिद्ध गायक कलाकार दौलत सिंह ने अपने मधुर कंठ से शास्त्रीय गायन की ऐसी ऐसी प्रस्तुतियां दी कि दर्शक वाह वाह कर उठे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार दौलत सिंह ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग श्याम कल्याण में विलंबित ख्याल की रचना दासी थारी जन्म जन्म री..., थे तो म्हारा सरताज..., म्हारा रसिया प्रस्तुत की। उन्होंने राग जोग में छोटा ख्याल की एक बंदिश साजन मोरे घर आवे, मन अति सुख पावे, साजन मोरे घर आवे..। इसके बाद छोटा ख्याल में राग श्याम कल्याण की एक रचना आनंद की तरंग मोको उठत नई-नई सावन की सांझ सुनाकर दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी।

इसके बाद राग केदार में एक छोटा ख्याल और अंत में राग भैरवी में झपताल 10 मात्रा का एक छोटा ख्याल जग जननी जग जानी महिषासुर मर्दिनी ज्वालामुखी चंडी अमर पद दानी भवानी को बड़े ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। तबले पर दिनेश खींची और हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने असरदार संगतकर इस सुरीली शाम को परवान चढ़ाया। तानपुरा पर स्वर्ण और दिव्यांशी ने संगत की।

प्रपत्र बी
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 12 के अधीन]

जैफ बैव प्राइवेट लिमिटेड हितधारकों के ध्यानार्थ

	विवरण	ब्यौरा
1.	**कार्पोरेट देनदार का नाम**	**जैफ बैव प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	06 मई 2016
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज– जयपुर
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U15139RJ2016PTC054857
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो तो) का पता	प्लॉट नंबर 36, 37 टैगोर नगर, जयपुर, राजस्थान–302024, भारत
6.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता समापन तिथि	**21 दिसंबर 2023**
7.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में परिसमापन आरंभन तिथि	**22 दिसंबर 2023**
8.	परिसमापक के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	**अनूप भाटिया** **पंजी.सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P01142/2018-2019/11969
9.	परिसमापक का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है	**पता :** सी–44, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान–302017. **ईमेल :** ip.anoopbhatia@gmail.com
10.	परिसमापक के लिए पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाले पते और ईमेल	**पता :** सी–44, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान–302017. **ईमेल :** cirp.jbpl@gmail.com
11.	दावे प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	**21 जनवरी 2024**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण,जयपुर पीठ ने **22 दिसंबर 2023** को **जैफ बैव प्राइवेट लिमिटेड** का परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया है।
जैफ बैव प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को इसके द्वारा **21 जनवरी 2024** को या उससे पहले प्रमाण के साथ अपने दावे परिसमापक को क्रम सं.10 में उल्लेखित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदार अपने दावों के प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करेंगे। अन्य सभी हितधारक अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा जमा कर सकते हैं।
असत्य या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जुर्माना किया जा सकता है।
यदि कोई हितधारक परिसमापन प्रक्रिया के दौरान अपने दावे प्रस्तुत नहीं करता है, तो ऐसे हितधारक द्वारा आईबीबीआई (कॉर्पोरेट व्यक्ति के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत किए गए दावे धारा 38 के तहत प्रस्तुत किए गए माने जाएंगे।

अनूप भाटिया
परिसमापक, जैफ बैव प्राइवेट लिमिटेड
दिनांक : 24.12.2023 **पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P01142/2018-2019/11969
स्थान : जयपुर **एएफए :** AA1/11969/02/031224/106456 **वैधता:** 03.12.2024 **तक**

विकसित भारत-2047 पर सेमीनार का आयोजन

विकसित भारत के सपने को पूरा करने में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ. शिखा नैनावत

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के आरए पोदार प्रबंधन संस्थान में विकसित भारत-2047 के तहत वोईस ऑफ यूथ पर सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. सोमदेव, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. अनुराग शर्मा व संस्थान की निदेशिका डॉ. शिखा नैनावत ने मां सरस्वती को दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यकम की शुरुआत की।

संस्थान निदेशिका डॉ. शिखा नैनावत ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। यह भारत के इतिहास का वह दौर है जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है। हमारे चारों ओर ऐसे कई देशों के उदाहरण हैं, जिन्होंने एक निश्चित समय में इतनी लंबी छलांग लगाकर खुद को विकसित किया है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विकसित भारत 2047 के तहत वोईस ऑफ यूथ पर पेपर प्रजेन्टशन प्रस्तुत किए गए। इन प्रजेंटशन मे से बेस्ट प्रजेंटशन का निर्णय निर्णायक प्रो. एके शर्मा और डॉ. बीएल गुप्ता ने किया।

हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने जनप्रतिनिधियों के साथ लगाई झाड़ू

महानगर संवाददाता

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने शनिवार को आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर, निगम के पार्षदों और निगम के अधिकारियों के साथ घाट के बालाजी मंदिर के बाहर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। महापौर मुनेश गुर्जर घाट की गुणी टनल से होते हुए जब घाट के बालाजी मंदिर जा रही थीं। तब सड़क पर पानी बह रहा था और टनल के आस-पास काफी संख्या में जगह-जगह कचरा पड़ा हुआ था। घाट के बालाजी पहुंचने पर महापौर गुर्जर ने स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां जगह-

जगह कचरा डालने वालों की मॉनिटरिंग करें और उनके चालान काटे जाएं। घाट के बालाजी मंदिर में सफाई अभियान शुरू करने से पहले स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बताया कि जब कभी वीवीआईपी या वीआईपी या उच्च अधिकारी आते हैं तभी सफाई होती है, बाकी समय मे सफाई नहीं होती। यहां काफी संख्या में गोवंश हैं, जिन्हें लोग चारा डालते हैं, लेकिन सफाई नहीं होने के कारण चारा व गोबर मिक्स होता रहता है। इस पर महापौर गुर्जर ने संबंधित सीएसआई को निर्देश दिए कि वे प्रति सोमवार सफाई के लिए हूपर साथ लेकर आएं। उन्होंने उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद को कचरा ज्यादा होने पर डंपर मंगाकर उठाने के निर्देश दिए।

ई-नीलामी बिक्री सूचना
जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
पंजी. कार्यालय : पहली मंजिल, सी–84, जनपथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर, राजस्थान, 302015
परिसमापक : विजय किशोर सक्सेना
परिसमापक पत्राचार पता : डी–69 (एलजीएफ), ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली–110065
ई-मेल: cirp.grd@gmail.com संपर्क सूत्र - 9540011155

ई-नीलामी
दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत संपत्तियों की बिक्री
नीलामी की तारीख: 18.01.2024 नीलामी का समय- दोपहर 3.00 बजे से शाम 4:00 बजे तक
(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, जयपुर द्वारा दिनांक 12.10.2023 के आदेश से नियुक्त परिसमापक द्वारा जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो जीआरडी ट्रक्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसमापन एस्टेट का हिस्सा है। परिसंपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://bankauctions.in के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

संपत्ति	(मूल्य रूपए में) आरक्षित मूल्य	मूल्य रूपए में	आरक्षित मूल्य
संयंत्र और मशीनरी, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और फिक्स्चर, वाहन, शेड, कंटेनर, इन्वेंटरी और स्पेयर पार्ट्स आदि। (खसरा सं. 196-197 पर, खेवट सं. 16. खतौनी सं. 17, किला सं. 21-22, बल्लभगढ़, सोना पाली रोड, फरीदाबाद 121004, हरियाणा)	52,93,000/-	5,30,000/-	50,000/-

या

संपत्ति	आरक्षित मूल्य	मूल्य रूपए में	(मूल्य रूपए में) आरक्षित मूल्य
ब्लॉक- I संयंत्र और मशीनरी	11,63,800	1,17,000	40,000
ब्लॉक- II कार्यालय उपकरण	1,09,700	11,000	10,000
ब्लॉक- III फर्नीचर और फिक्स्चर	2,84,800	29,000	20,000
ब्लॉक- IV वाहन	19,38,500	1,94,000	50,000
ब्लॉक- V शेड	2,30,200	23,000	20,000
ब्लॉक-VI कंटेनर	9,66,000	97,000	30,000
ब्लॉक- VII इन्वेंटरी और स्पेयर	6,00,000	60,000	30,000

ई–नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:
1. ई-नीलामी अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर के माध्यम से 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', 'जो है वहां है और कोई संसाधन नहीं है' के आधार पर आयोजित की जाएगी।
2. नीलामी प्रक्रिया की समय-सीमा इस प्रकार है:

संभावित बोलीदाता द्वारा पात्रता दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि	07.01.2024
परिसंपत्तियों के निरीक्षण और योग्य खरीदार द्वारा नीलामी के तहत परिसंपत्तियों के उचित अध्यावसाय के लिए अंतिम तिथि	14.01.2024
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	16.01.2024
नीलामी की तिथि	18.01.2024

3. संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण शामिल है, ऑनलाइन ई- नीलामी बोली फॉर्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें परिसमापक के पास उपलब्ध हैं और विशिष्ट अनुरोध पर साझा किए जा सकते हैं।
4. अधिक स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

दिनांक : 24.12.2023 **विजय किशोर सक्सेना**
स्थान : नई दिल्ली **परिसमापक**
आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी01766/2019-20/12708
ई-मेल: circ.grd@gmail.com
संपर्क सूत्र - 9540011155

डीपीटीएल स्टार्स विंटर संस्करण में हुए रोमांचक मुकाबले

महानगर संवाददाता

जयपुर। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में जय क्लब जयपुर में चल रहे डीपीटील मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया की मलंग युगल में डॉ. सतीश और डॉ. संदीप ने डॉ. राकेश और डॉ. सुनील को 6-3 से हराया। एक अन्य मुकाबले में डॉ. सुनील दत्त और डॉ. मधु ने डॉ. रजत और डॉ. लोकेन्द्र को 6-3 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि दबंग मुकाबले में डॉ. सुधांशु, डॉ. अक्षय और डॉ. पुनीत एवं डॉ. निशांत ने अपने मुकाबले जीत कर सेमीफइनल में स्थान पक्का किया। लीग संयोजक डॉ.

हरीश भारद्वाज ने बताया कि दबंग सिंगल्स में डॉ. पुनीत ने डॉ. अजय को 6-4 से हराया। मलंग सिंगल्स में डॉ. वेंकटेश ने डॉ. नीरज को 6-4 से हराया। लीग कोऑर्डिनेस्टर डॉ. रजत मालोट ने बताया कि प्रथम बार टेनिस ट्राइओ मुकाबले में डॉ. निशांत, डॉ. केडिया, डॉ. रणजीत ने डॉ. नरेंद्र, डॉ. अंकित. डॉ नीरज की ट्राइओ टीम को रोमांचक मुकाबले में 21-19 से हराया।

बच्चों ने बाल मेले में लगाईं विभिन्न स्टाल्स

'बाल मेलों से विद्यार्थियों का चहुमुंखी विकास'

महानगर संवाददाता

जयपुर। बाल मेले बच्चों के सपनों में उड़ान भरने के माध्यम होते हैं। बच्चे ऐसे आयोजनों में अपने सपनों को साकार होते हुए देखते हैं और तनावरहित माहौल में एक-दूसरे से सीखते एवं समझते हैं। बाल मेलों से विद्यार्थियों का चहुमुंखी विकास होता है। यह बात सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल प्रताप नगर की सचिव भानू भावना विलियम्स ने स्कूल में बाल मेला के आयोजन अवसर पर कही। बाल मेले में बच्चों ने भेलपुरी, पावभाजी, खमण-ढोकला, आइसक्रीम, मिल्कशेक, पंजाबी लस्सी आदि सहित विभिन्न स्टॉल लगाई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने

रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व संस्था सचिव भानू भावना विलियम्स एवं डॉ. एसडी शर्मा ने अतिथि वार्ड 101 के पार्षद मोतीलाल मीणा का स्वागत किया। अंत में बच्चों ने लगाई गई स्टॉल्स को पुरस्कृत किया गया।

क्रॉसवर्ड आईआईएस और सुडोकू में महाराजा कॉलेज प्रथम

ऑनलाइन 'नर्डल' में कानोड़िया कॉलेज की अक्षिता पहले पायदान पर

महानगर संवाददाता

जयपुर। कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 136वीं जयंती पर आयोजित दो दिवसीय समारोह के दूसरे दिन शनिवार को क्रॉसवर्ड, सुडोकू एवं नर्डल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों की 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान आईआईएस विश्वविद्यालय और द्वितीय पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय रही। सुडोकू प्रतियोगिता में 9

महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया, जिसमें प्रथम महाराजा महाविद्यालय और द्वितीय कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय रही। अंत में ऑनलाइन गेम 'नर्डल' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें गणितीय खेल को मोबाइल में खेला गया। इस खेल में विभिन्न महाविद्यालयों के 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम और द्वितीय दोनों स्थानों पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की अक्षिता वर्मा एवं नेहा यादव रही। समापन समारोह में महाविद्यालय उप-प्राचार्य विज्ञान संकाय, डॉ. रंजना अग्रवाल ने छात्राओं को अपने प्रेरणादायी शब्दों से प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, उप-प्राचार्य डॉ. रंजना अग्रवाल और विभागाध्यक्ष ऋषि दस्सानी ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक: जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (प्रथम)/2023/ डी-1098
सूचना दिनांक : 20.12.2023

भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना- हनुमान वाटिका के भूखण्ड संख्या -13 साउथ पार्ट (क्षेत्रफल 142.22 वर्गगज) के लिए श्रीमती रामप्यारी पत्नी स्व. श्री जयनारायण यादव ने कार्यालय में रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में जोन कार्यालय को सूचित करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण/प्रतिथापन कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, पीआरएन उत्तर-I, जविप्रा, जयपुर।

Khadi India
आज़ादी का अमृत महोत्सव

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, 2023–24
राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर
(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)
05 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ

प्रवेश निःशुल्क | समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक | पार्किंग निःशुल्क

प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50% की छूट
परप्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)